# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

माह : अगस्त 2025



संकलन - मिशन शिक्षण संवाद बाल साहित्य सृजन टीम




# बाल साहित्य सृजन

1

## क्रिकेट

बल्ले व गेंद से घास के बड़े,
मैदान में खेला जाता है क्रिकेट।
22 गज की पिच पर, दो टीमों के
बीच खेला जाता है क्रिकेट।।


क्रिकेट

एक टीम में होते हैं 11 खिलाड़ी,
विपक्षी टीम के आउट होते हैं खिलाड़ी।
एक टीम बल्लेबाजी दूसरी गेंदबाजी,
करके अधिक रन बनाते हैं खिलाड़ी।।

पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत



2

## हॉकी

भारत का राष्ट्रीय खेल,
हॉकी कहलाता है।
दो टीमों का यह खेल,
हर जगह खेला जाता है।।


हॉकी

हॉकी की प्रत्येक टीम में,
ग्यारह खिलाड़ी होते हैं।
मेजर ध्यान चन्द्र को,
हॉकी का जादूगर कहते हैं।।

अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर



3

## खेल

खेल हमारे जीवन में,
उत्साह उमंग जागते हैं।
खेलों से ही हम सब,
उत्तम स्वास्थ्य पाते है।।



खेल हमारे मन के अन्दर,
अनुशासन का भाव लाते हैं।
खेलों से हम सब मिलकर,
रहना सीख जाते हैं।।

मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



4

## फुटबॉल

होती एक बड़ी सी बाल,
उसको कहते हैं फुटबॉल।
पैरो से जब खेलते खिलाड़ी,
मैदान में घूमती है फुटबॉल।।


फ़ुटबाल

टीम मे होते 11-11खिलाड़ी,
गोलकीपर पकड़ता है फुटबॉल।
पैर से किक मारकर खिलाडी,
जाल में पहुँचाते है फुटबाल।।

अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत





02/08/2025

# बाल साहित्य सृजन

शनिवार



**1**

## शतरंज



बोर्ड पर होता है यह खेल,
चौसठ खाने वाला खेल।
चतुरंग भी कहते इसको,
शतरंज तेज दिमाग का खेल।।

बत्तीस काले, सफेद बत्तीस,
हर एक वर्गाकार बत्तीस।
दो लोग एक साथ खेलते,
दिमागी क्षमता होती विकसित।।

रचना- सुमन पाण्डेय (प्र.अ)
प्रा. वि. टिकरी-मनौटी
खजुहा, फतेहपुर



**2**

## खो-खो



खो खो खेल निराला है,
ऊर्जा बढ़ाने वाला है।
दौड़ दौड़ाई पकड़म पकड़ी,
समूह में खेला जाने वाला है।।

पूरी तरह स्वदेशी खेल,
दो खंभे नहीं कोई मेल।
बारह खिलाड़ी और दो टीम,
आओ खेलें खो खो खेल।।

रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कंपोजिट उ०प्रा० वि० खजनी (रुद्रपुर),
गोरखपुर



**3**

## हॉकी



हर स्ट्रोक में गूँजे,
अपने देश का नाम।
हॉकी है भारत का गौरव,
हॉकी है भारत का सम्मान।।

हॉकी के खेल जोश और जुनून,
देश की मिट्टी में बसता सुकून।
छड़ी हाथ में गेंद को सम्भाल,
मैदान में खिलाड़ी करता है कमाल।।

देहा- रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



**4**

## कबड्डी



खेलों में है खेल निराला,
बच्चों को लगता अति प्यारा।
स्वास्थ्य लाभ इससे होता,
चुस्त-दुरुस्त शरीर रहता।।

20-20 मिनट की दो पारी होती,
दोनों टीम इसमें खेलती।
रैडर्स विपक्षी टीम को छूता,
डिफेंडर्स स्वयं को बचाता।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



· आओ हाथ से हाथ मिलाएँ · **मिशन शिक्षण संवाद** · बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ ·



04/08/2025

# बाल साहित्य सृजन

सोमवार



## 1

## फुटबॉल



विश्व प्रसिद्ध है यह खेल,
जिसका नाम है फुटबॉल।
ग्यारह खिलाड़ी दोनों टीम में,
दोनों छोर से करते गोल।।

जीतती अक्सर वही टीम,
निश्चित एक समय अवधि में।
हिम्मत और जोश के साथ,
सबसे ज्यादा करती गोल।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



## 2

## हॉकी



हॉकी है एक मैदानी खेल,
ग्यारह खिलाड़ियों का होता मेल।
गेंद-छड़ी का होता इस्तेमाल,
भागें खिलाड़ी दिखायें कमाल।।

मेजर ध्यानचंद हाकी के जन्मदाता,
भारत का राष्ट्रीय खेल कहलाता।।
हॉकी का है बड़ा पुराना इतिहास,
स्वर्ण पदक जीतने की होती आस।।

रचना-
शालिनी (स०अ०)
प्रा० वि० कूँड़
करहल, मैनपुरी



## 3

## बॉलीबाल



आउटडोर खेल है होता,
होते हैं छ: खिलाड़ी इसमें।
गेंद से होता है खेल,
होता है नेट इसमें।।

लक्ष्य तक पहुँचाने का,
गेंद को करते सब प्रयास।
ओलम्पिक में शामिल यह,
बॉलीबाल खेल है खास।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



## 4

## क्रिकेट



क्रिकेट ऐसा अदभुत खेल,
गेंद बल्ले का होता मेल।
ग्यारह खिलाड़ी होते दल में,
जोर लगाते हैं पल-पल में।।

दो टीमों में होता मैच,
लपक-लपक कर पकड़ो कैच।
दौड़-दौड़ कर रन बना लो,
विकेट विरोधी के चटका लो।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा





05/08/2025

# बाल साहित्य सृजन

मंगलवार



## 1

## रस्सी कूद

एक बड़ी सी रस्सी होती,
कूदने को रस्सी कूद में।
अकेले कूदो, या किसी के साथ,
मजा आता रस्सी कूद में।।



झटकते हाथ से रस्सी,
पैरों से आती-जाती।
कहते आए बड़े-बुजुर्ग,
रस्सी कूद लम्बाई बढ़ाती।।



रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० जारी भाग 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा

## 2

## साइकिलिंग



परिवहन का यह साधन,
पैडल मारकर चलाते हैं।
स्वास्थ्य के लिए लाभदायक,
व्यायाम में इसे अपनाते हैं।।

साइकिल-रेस में शामिल होते,
मनोरंजन में काम आती है।
पेट्रोल, डीजल न इसमें लगता,
पर्यावरण को शुद्ध बनाती है।।

रचना-
शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



## 3

## बोरी दौड़

दो समूह में या अकेले,
बोरी में घुसकर बोरी पकड़ें।
धीरे-धीरे उछलकर चलते,
तेजी से चल लक्ष्य तक पहुँचें।।



गिरने से बचकर चलते,
संतुलन का ध्यान रखते हैं।
बोरी को भी पकड़कर चलते,
सावधानी से उछलते हैं।।



रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा

## 4

## लंगड़ी-टाँग



पारम्परिक भारतीय खेल,
लंगड़ी-टांग कहलाता।
उछल-उछलकर यह खेल,
ती-तीता बोलकर खेला जाता।।

बहुत उत्साह से जमीन पर,
विभिन्न आकर बनाये जाते।
बच्चों की दो टीमों के बीच,
लंगड़ी-टांग खेल, खेले जाते।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय राजपुर
मथुरा, मथुरा



- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -



6/08/2025

# बाल साहित्य सृजन

बुधवार



## 1

### जंजीर का खेल



जंजीरा खेल बड़ा निराला,
बचपन से है जाना पहचाना।
जंजीर जैसा खेल यह होता,
जंजीरा नाम से यह जाना जाता।।

एक खिलाड़ी दूजे को छूता,
हाथ पकड दोनो तीजे को पकडे।
इस तरह यह पूरा खेल खेला जाता,
अंत मे खिलाड़ी जंजीरा बोलता।।

**रचना**



इला सिंह (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय
पनेरूवा, अमौली, फतेहपुर

## 2

### रस्सा कशी



रस्सा कशी खेल में दो टीम होती,
रस्सी की खींचातीन है होती।
एक टीम अपनी ओर खींचती,
दूसरी टीम अपनी ओर खींचती।।

सारी रस्सी जिस ओर जाती,
उसी टीम की जीत हो जाती।
मांसपेशियां मजबूत भी होती,
जब भी रस्सा कशी खेलती।।

**रचना**



माला सिंह (स०अ०)
क० वि० भरौटा
सरधना,मेरठ

## 3

### कुर्सी दौड़



कुर्सी दौड़ का खेल,
बच्चे व बड़े दोनों खेलते।
कुर्सी को सब पकड़ते,
बैठना उसमें चाहते।।

संगीत जब बन्द होता,
कुर्सी पर बैठना होता।
एक खिलाड़ी जो बचता,
वह विजेता कहलाता।

**रचना**



आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवनखेड़ा,कानपुर देहात

## 4

### गिल्ली-डंडा



बच्चों ने सबको बुलाया,
गिल्ली-डंडा खेल सुझाया।
राजू लकड़ी का डंडा लाया,
पर गिल्ली घर छोड़कर आया।।

बच्चे टोली में पहूंचे राजू घर।
सबने ढूंढ लिया निधर-उधर।
मां गिल्ली कमरे से ले आई,
लो अब खेल शुरू हुआ भाई।।

**रचना**



नीलम भास्कर ( स०अ०)
उ०प्रा०वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत

# बाल साहित्य सृजन

## 1

## खेलकूद




खेल कूद है बहुत जरूरी,
इससे बनती सेहत मेरी।
माँ कहती है खेल-खेल में,
हो जाती है कसरत मेरी।।

कुछ खेल बैठकर खेले जाते,
हमको तो बाहर वाले भाते।
क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, टेनिस,
देश विदेश में खेले जाते।।

ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत



## 2

## खेल



खेलकूद का जीवन में,
बहुत ही महत्व होता है।
इससे हमारा शरीर,
स्वस्थ व सुडौल होता है॥


हॉकी, बैडमिंटन, कबड्डी आदि,
आउटडोर खेल कहलाते हैं।
लूडो, कैरम , शतरंज आदि,
इनडोर खेल कहलाते हैं॥

शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर



## 3

## क्रिकेट



एक बल्ले और गेंद का खेल,
दो टीमों द्वारा खेला जाता।
टीमों में होते 11-11 खिलाडी,
लोकप्रिय ये खेल कहलाता।।


एक ओवर में होती छः गेंद,
क्रिकेट खेल से जाना जाता।
खेल है ये रन और आउट का,
हर बच्चे के मन को भाता।।

पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत



## 4

## छुपन-छुपाई



बच्चों ने एक समूह बनाई,
आज खेलेंगे छुपन-छुपाई।
बोली बाला कैसा है खेल ?
जरा विस्तार से बताओ भाई।।

जाओ छुपने, तब मैं आऊं,
गिनती गिनकर तुम्हें सुनाऊं।
जगह ढूंढ कर  सब छिप जाओ,
पीछे से बोलो तुम, आओ आओ।।

वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



08/08/2025 शुक्रवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1

### आउटडोर गेम



घर के बाहर,खुले मैदान के खेल,
आउटडोर गेम कहलाते हैं।
बड़े क्षेत्र में खेले जाने वाले खेल,
शारीरिक गतिविधि बढ़ाते हैं।।

क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल,
बैडमिंटन,हॉकी इनमें आते हैं।
ये मानसिक,शारीरिक स्वास्थ्य,
और सामाजिक सम्पर्क बढ़ाते हैं।।



पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत

## 2

### लूडो



हरा, पीला, लाल, नीला,
रंगों का लूडो खेल होता।
पासे और टोकन को लेकर,
बोर्ड पर यह खेल होता।।

2-4 खिलाड़ियों के बीच में,
मजेदार यह खेल खेला जाता।
मोबाइल के एप रूप में,
आनलाइन भी खेला जाता।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

## 3

### इण्डोर गेम्स की उपयोगिता



प्यारे बच्चों! इण्डोर गेम,
घर के अन्दर खेले जाते हैं।
सुरक्षा की दृष्टि से खेल,
उपयोगी माने जाते हैं।।

लूडो, कैरम और शतरंज,
इण्डोर गेम कहे जाते हैं।
इण्डोर गेम खेल कर हम,
उत्तम मानसिक स्वास्थ्य पाते हैं।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

## 4

### इण्डोर गेम



अपने आसपास जब,
नहीं कोई मैदान पाते है।
समय के सदुपयोग को,
घर में ही खेल सुझाते है।।

तरह-तरह के खेल से,
बच्चों को मजे आते है।
लूडो, शतरंज, कैरम आदि,
इण्डोर गेम कहलाते है।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत

# बाल साहित्य सृजन

1

## बैडमिंटन



रेकेट व शटल का खेल,
बैडमिंटन मजेदार है खेल।
एकल व युगल यह होता,
बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय खेल।।

ब्रिटेन से शुरुआत इसकी,
प्रकाश पादुकोण से भारत की
साइना नेहवाल, पी.वी सिंधु,
प्रमुख खिलाड़ी बैडमिंटन की।।

रचना- सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा.वि.टिकरी-मनौटी
खजुहा,फतेहपुर



2

## विलियर्डस

क्यू आधारित ये खेल,
मेज होता आयताकार।
पॉकेट के या फिर बगैर पॉकेट,
क्यू स्टिक देता आकार।।



बिलियर्ड्स के रूप अनेक,
पुल, स्नूकर या हो कैरम।
गणित आधारित है ये खेल,
गतिशीलता रहती है कायम।।

सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कम्पोजिट उच्च प्रा० वि० खजनी
(रुद्रपुर), गोरखपुर



3

## टेनिस



टेनिस का कोर्ट है,
जैसे युद्ध का मैदान।
जहाँ हार और जीत से,
मिलती है पहचान।।

चैम्पियन बनने की,
हर दिल में है ख्वाहिश।
टेनिस के मैदान में,
पूरी होती हर आजमाइश।।

रचना- रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



4

## फुटबॉल



फुटबॉल खेल है सबको प्रिय,
पैरों से खेला जाता है।
ग्यारह खिलाड़ी होते इसमें,
मैदान में खेला जाता है।।

खिलाड़ी द्वारा विरोधी दल में,
चालाकी से गोल किया जाता हैं।
जो दल गोल करते ज्यादा,
वही वजयी माना जाता है।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



# बाल साहित्य सृजन

1

## साँप-सीढी

यह गिनती का खेल अनोखा,
कदम-कदम पर मिलता धोखा।
कितने सारे साँप यहाँ हैं!
हर सीढ़ी के साथ यहाँ हैं।।



साँप-सीढ़ी में सौ तक गिनती,
कर लो याद यही है विनती।
यह पासे का अद्भुत खेल,
हर गोटी का होता मेल।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



2

## लूडो

लूडो है एक इण्डोर खेल,
चार रंगों का होता मेल।
हरी, नीली, पीली, लाल,
गोटियाँ होती इसमें खास।।



एक होता है उसमें पासा,
बारी-बारी से फेंका जाता।
जितने नम्बर जिसके आते,
गोटी को वह चलते जाता।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



3

## कैरम

कैरम है एक घर का खेल,
दो-तीन लोगों का खेल।
मनोरंजन का है ये साधन,
खुशियों का इसमें है मेल।।



लकड़ी का बना होता,
काली-पीली गोटियाँ।
बच्चों का है प्रिय खेल,
बड़े-छोटों ने पसन्द किया।।

रचना-
शालिनी (स०अ०)
प्रा० वि० कूँड़
करहल, मैनपुरी



4

## शतरंज

चौसठ खानों का खेल,
हाथी-घोड़े, राजा-रानी।
अंग्रेजी में इसे चैस हैं कहते,
शतरंज की यही कहानी।।



दो खिलाड़ियों को होता खेल,
एकाग्रता की होती जीत।
धैर्य रख जो चाल चले,
वही खेल में जाता जीत।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



• आओ हाथ से हाथ मिलाएँ • मिशन शिक्षण संवाद • बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ •
12/08/2025 मंगलवार




# बाल साहित्य सृजन

## 1

### कञ्चा-चम्मच दौड़




कञ्चा-चम्मच दौड़,
मजेदार खेल होता।
चम्मच को मुँह से पकड़कर,
कञ्चा रखकर दौड़ा जाता।।

बिना गिराये कञ्चा को,
जो दौड़ पूरी करता।
वही कञ्चा-चम्मच दौड़ में,
विजयी कहलाता।।



रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय राजपुर
मथुरा, मथुरा

## 2

### जलेबी कूद



पीछे हाथ बाँध बच्चों को,
पंक्ति में खड़ा किया जाता।
उनकी लम्बाई से ऊँचाई पर,
जलेबी को बाँध दिया जाता।।

मुँह उठा, कूदकर खाने की,
कोशिश बच्चे करते हैं।
जो खा, पाते वही जीतते,
नहीं खा पाने पर हारा करते हैं।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० जारी भाग 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा



## 3

### आवाज पहचानो




आओ! एक नये खेल को जानें,
आवाज सुन सबको पहचानें।
जो बच्चा आवाज लेगा पहचान,
उसको मिलेगा जीत का सम्मान।।

अलग-अलग आवाज़ है सबकी,
शुरू करो तुम देकर थपकी।
ध्यान से सुनना आवाज़,
अपने से तुम लगाना अन्दाज।।



रचना-
शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

## 4

### एक्शन बदलो

ग्रुप में एक एक्शन बदलता,
उसको देख सभी करते।
हिलता, उठक-बैठक करता,
ताली बजाए या हँसते।।



हाथों के एक्शन या कूदना,
बच्चे खुश बदलकर करते।
मुश्किल होता ढूँढना लीडर,
जिसको देखकर एक्शन बदलते।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



आपका दिन शुभ हो..
शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण.
शिकायत या सुझाव के लिए व्हाट्सएप करें. 94582 78429
संकलन
काव्यांजलि टीम
मिशन शिक्षण संवाद





# बाल साहित्य सृजन

## 1

### व्यापार का खेल




खेल पुराने बहुत भाते,
बचपन की याद दिलाते,
एक खेल नाम है व्यापार,
लेन देन का कराता ज्ञान।।

नकली नोटो से खेला जाता,
सबके मन को बहुत भाता।
लाभ हानि की होती जानकारी,
इससे बढती बच्चो की समझदारी।।

**रचना**
इला सिंह (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय
पनेरूवा, अमौली, फतेहपुर



## 2

### सांप सीढ़ी



सांप-सीढ़ी का खेल,
बहुत मजेदार,सरल है यह खेल।
भारत में सदियों से खेला जाता,
मोक्ष-पट के नाम से भी जाना जाता।।

बच्चे एवं व्यस्क दोनों खेलते,
अपनी अपनी किस्मत आजमाते।
सीढ़ी-सांप का बोर्ड बना होता है,
एक पासा जिस पर फेंकना होता।।

**रचना**
माला सिंह (स०अ०)
क० वि० भरौटा
सरधना,मेरठ



## 3

### शतरंज



दो खिलाड़ी इसमें होते,
दिमाग का यह खेल होता।
शतरंज इसको पुकारते,
बोर्ड पर यह खेला जाता।।

सोलह गोटी इसमें होती,
सफेद व काले रंग की दिखती।
राजा को जो शह देता,
वह खिलाड़ी विजेता होता।।

**रचना**
आरती यादव (स०अ०)
प्रा० वि० रनियां प्रथम
सरवनखेड़ा,कानपुर देहात



## 4

### लूडो




घर में खेले जाने वाला,
लूडो है सबका पहचाना।
चार साथी मिलकर आएं।
चार रंगों की गोटी पाएं।।

डाइस फेंक अंक लाते,
फिर उतने ही घर चलाते।
बोर्ड घूम जब होम पहुंचता,
विजयी वही गोटी माना जाता।।

**रचना**
नीलम भास्कर ( स०अ०)
उ०प्रा०वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत



# बाल साहित्य सृजन

1

## शतरंज



शतरंज है खेल दिमाग का,
दो लोगों में खेला जाता।
एक बोर्ड पर चौंसठ खाने,
32 मोहरों से खेला जाता।

राजा, रानी, हाथी, घोड़ा,
और होते हैं सिपाही भी।
सीधी, उल्टी, आड़ी, तिरछी,
संग चाल होती ढ़ाई भी।।

ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत



2

## लूडो



लूडो का है खेल निराला,
चार लोगों संग खेला जाता।
चिंकू, पिंकू, मिंटू को यह,
पसंद आता खूब खेल निराला॥

लाल, हरा, नीला, पीला
होता है यह चार रंगों का खेल।
जो इसमें आखिर में आता,
हो जाता है वह इसमें फेल॥

शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर



3

## कैरम बोर्ड



कैरम है एक प्यारा खेल,
गोटियों से है इसका मेल।
स्ट्राइकर से दौड़ती गोटी,
जैसे चलती हो एक रेल।।


नौ काली नौ पीली गोटी,
एक लाल रंग की रानी गोटी।
चारों कोनो के घेरों में,
घूम घूम गिर जाती गोटी।।

पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत



4

## साँप सीढ़ी



सांप सीढ़ी का खेल निराला,
सफलता-असफलता वाला।
पग-पग पर मिलते हैं धोखे,
फन उठाए हुए अनोखे ।।

बच-बचकर है चलना तुमको,
पासे अद्भुत खेल दिखाये ।
हर गोटी का अपना है मेल,
सांप से बचकर करता खेल।।

वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



# बाल साहित्य सृजन

1

## खो-खो



आयताकार मैदान में खेला जाता है,
दो टीमों के बीच खेला जाता है।
एक टीम में 12 खिलाड़ी और,
9 खिलाड़ियों द्वारा खेला जाता है।।

एक टीम पीछा करती है,
इसमें दूसरी टीम भागती है।
और टीम के खिलाड़ियों को,
पकड़ने की कोशिश करती है।।



पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत

2

## शतरंज



64 खानों के बोर्ड पर,
शतरंज खेल खेला जाता।
दो खिलाड़ियों का खेल,
16 मोहरों से खेला जाता।।

राजा, वजीर, हाथी, घोड़ा,
और भी इसमें शामिल होते।
शह और मात देकर इसका,
निर्णय हम निर्धारित करते।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

3

## लुका-छिपी



लुका-छुपी का खेल,
बच्चों को खूब भाता है।
बच्चो इस खेल को छुपम,
छुपायी कहा जाता है।।

लुका-छुपी में बच्चे,
टीमवर्क में काम करते हैं।
शारीरिक और सामाजिक,
गुणों का विकास करते हैं।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

4

## कैरमबोर्ड



राजा-रानी, दससी, बीससी
गोटियों का है यह खेल।
चार खिलाड़ी आमने-सामने
बैठकर खेलते हैं यह खेल।।

चार कोनों में बने चार घर,
गोटी का कराते उनसे मेल।
राजा रानी को साथ जीतते,
स्ट्राइकर से खेलते हैं खेल।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत





# बाल साहित्य सृजन

1

## तैराकी



शरीर में नई स्फूर्ति आती,
मनुष्य जब करता तैराकी।
घटता कोलेस्ट्राल व बी.पी,
मनोरंजक होता तैराकी।।

शरीर स्वस्थ रखता यह खेल,
मांसपेशियों का हो सुमेल।
श्रीहरि नटराजन हैं प्रसिद्ध,
तैराकी विश्व विख्यात है खेल।।

रचना- सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा. वि. टिकरी-मनौटी
खजुहा,फतेहपुर



2

## स्नूकर



स्नूकर है खेल निराला,
बिलियर्ड्स कटेगरी वाला।
हरे कपड़े से ढकी है मेज,
आयताकार आकृति विशेष।।

बाईस गेंदे सात हैं रंग,
खेलने का इक अजब ही ढंग।
छ: पॉकेट में जाती हैं गेंदें,
लक्ष्य डंडे से पाती गेंदे।।

सुषमा त्रिपाठी (स० अ०)
कंपोजिट उ० प्रा० वि० खजनी (रुद्रपुर)
गोरखपुर



3

## क्रिकेट



11 खिलाड़ियों का है मेल,
1 बल्ले एक गेंद का खेल।
इंग्लैंड में उत्पन्न हुआ यह,
क्रिकेट के जनक हैं डब्लू जी ग्रेस।।

टॉस हुआ हुई धड़कने तेज,
बैटिंग और बॉलिंग का है क्रेज।
यह खेल नही एक भावना है,
क्रिकेट हर पीढ़ी की साधना है।।

रचना- रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



4

## बाधा दौड़

बाधा दौड़ एक एथलेटिक खेल,
कहते इसको हर्डिल रेस।
एक प्रकार की है यह दौड़,
पार करने की होती होड़।।



वाधायें आती निश्चित दूरी पर,
धावक पार करता हर पल।
समय और स्फूर्ति का है मेल,
लक्ष्य पाना सिखाये यह खेल।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - **मिशन शिक्षण संवाद** - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -



**18/08/2025** **सोमवार**



# बाल साहित्य सृजन

## 1

## टिप्पू

गोल-गोल पत्थर के टुकड़े,
रखते हैं ऊँचे स्थान।
गेंद से उनको गिराते,
साथी को करते परेशान।।



सही रखने पर फिर से,
जीता जाता है यह खेल।
टिप्पू कहते गाँव में,
बच्चें मिलकर खेले खेल।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



## 2

## गिल्ली-डण्डा

यह भारत का अदभुत खेल,
गिल्ली डण्डे का इसमें मेल।
डण्डा एक कहीं से लाओ,
एक डण्डे की गिल्ली बनाओ।।



जल्दी से फिर दोस्त बुलाओ,
बढ़िया सा ये खेल खिलाओ।
लेकिन इतना रखना ध्यान,
न हो किसी का भी नुकसान।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



## 3

## रस्सी कूद

रस्सी कूद खेल खिलायें,
रस्सी को गोल-गोल घूमायें।
दो बच्चे रस्सी को पकड़े
बाकी सब कूद लगायें।।



जैसे रस्सी नीचे आये,
सभी बच्चे छलाँग लगायें।
पैर के नीचे रस्सी आये,
वही बच्चा आउट हो जाये।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



## 4

## कंचे

काँच के बने होते,
गेंद की तरह गोल।
दिखने में होते सुन्दर,
कंचों से होता खेल।।



दो लोग मिलकर खेलते,
कंचों पर लगाते निशाना।
बचपन में हम सब ने खेला,
कंचों का खेल बड़ा पुराना।।

रचना-
शालिनी (स०अ०)
प्रा० वि० कूँड़
करहल, मैनपुरी



आपका दिन शुभ हो..

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण.
शिकायत या सुझाव के लिए व्हाट्सएप करें. 94582 78429

संकलन
काव्यांजलि टीम
मिशन शिक्षण संवाद




# बाल साहित्य सृजन

1

## निशाना साधो



बचपन में मेले में बच्चे,
बन्दूक से निशाना लगाते।
रंग-बिरंगे गुब्बारों को,
फोड़कर खुश हो जाते।।

यही निशाना साधना सीखें,
युवा, टारगेट के गोलों पर।
कितनी गोली बीच में गिनते?
कितनी गोलों के बाहर?

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



2

## गिट्टू



छोटे-छोटे पत्थर के टुकड़े,
कंकण के जो होते हैं।
कंक्रीट के सामान जो दिखते,
वे 'गिट्टू' कहलाते हैं।।

सड़क, नींव और छत पर,
सीमेण्ट संग बिछाये जाते।
ये 5-10 संख्या में लेकर,
विभिन्न खेल, खेले जाते।।

रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय राजपुर
मथुरा, मथुरा



3

## छुपा-छुपी



छुपा-छुपी का खेल पुराना,
लगता सबको बड़ा सुहाना।
दोस्त खेलते मिलकर साथ,
दिन हो या चाहे हो रात।।

एक खिलाड़ी देता दाम,
बाकी सब छिप जाते।
दाम पड़े, तब दूसरे का,
जो सब पकड़े जाते।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० जारी भाग 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा



4

## पतंग-पेंच



मेरे पास पतंगें हैं ढ़ेर सारी,
लाल, पीली, हरी और काली।
अच्छा डोरी माँझा लाऊँ,
कन्ने बाँध आसमान में उड़ाऊँ।।

मेरी पतंग उड़े सबसे ऊपर,
सारी पतंगों से पेंच लड़ाऊँगा।
मैं सारी पतंगों को काटकर,
फिर खूब ताली बजाऊँगा।।

रचना-
शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट





21/08/2025 गुरुवार



# बाल साहित्य सृजन

1

## क्रिकेट



क्रिकेट नाम का खेल निराला,
आजकल है इसका बोलबाला।
देश विदेश में होते इसके खेल,
ये खेल तो है बड़ा मतवाला।।

दो टीमों के बीच है खेला जाता,
ग्यारह खिलाड़ियों की टीम होती।
या बनाओ रन ज्यादा या सबको,
आउट करने वाले की जीत होती।।

ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत



2

## खेल दिवस



मेजर ध्यानचंद की जयंती पर,
हम सब खेल दिवस मनाते हैं।
जो ओलंपिक खेलों में हॉकी को,
स्वर्ण पदक जीताने के लिए जाने जाते हैं॥

खेलों में अपना जलवा दिखाकर वो,
हॉकी का जादूगर नाम से पहचाने जाते हैं।
ऐसे ही नहीं हम सब 29 अगस्त को,
उनकी जयंती पर खेल दिवस मनाते हैं॥

शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर



3

## लुका-छिपी



खेल बड़ा ही ये है मजेदार,
खिलाड़ी दो हो या फ़िर चार।
ढूंढने वाला गिनकर गिनती,
पूछता सबसे अब हो तैयार।।

ढूंढने वाले की आँखों को,
पट्टी से है बांधा जाता।
बन्द आँखों से ढूंढ़ना ही,
लुका छिपी खेल कहलाता।।

पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत



4

## गिल्ली डंडा



गिल्ली-डंडा है गांव का खेल,
निशाने में एकाग्रता का रहे मेल।
यारों में लगती बाज़ी प्यारी,
किसकी जीती, किसकी हारी ।।

डंडे से जब दांव लगाते
गिल्ली को मार दूर भागते।
जिसकी गिल्ली दूर है जाती,
विजेता वह ग्रुप की कहलाती।।

वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर



22/08/2025 शुक्रवार

# बाल साहित्य सृजन

1

## बैडमिण्टन



जोड़ियाँ या दो विरोधी खिलाड़ी,
इस गेम को कोर्ट पर खेलते हैं।
रैकेट से शटल कॉक को नेट के,
पार एक दूसरे के कोर्ट में मारते हैं।।

एक मैच में तीन गेम होते हैं,पहले,
21 अंक पाने वाला जीत जाता है।
तीन में से दो गेम जीतने वाली,
टीम या खिलाड़ी गेम जीत जाता है।।



पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत

2

## टेबल टेनिस



छोटे-छोटे रैकेट बॉल से,
टेबल टेनिस खेला जाता।
सपाट टेबल पर नेट से,
दो हिस्सों में खेला जाता।।

सिंगल और डबल रूप में,
यह पिंग पोंग कहा जाता।
एक मजेदार सक्रिय खेल,
ओलम्पिक में खेला जाता।।



अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

3

## हॉकी



हॉकी हमारे देश का,
राष्ट्रीय खेल कहलाता है।
घास के मैदान में यह,
खेल खेला जाता है।।

हॉकी का खेल दो टीमों के,
बीच खेला जाता है।
प्रत्येक टीम में गोलकीपर सहित,
11 खिलाड़ियों को रखा जाता है।।



मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात

4

## साँप सीढ़ी



साँप सीढ़ी का रोचक खेल,
पल में सीढ़ी चढ़ जाते।
चलते कभी ऐसी चाल,
साँप काटे तो नीचे आते।।

बच्चों का बढ़ता बेसिक ज्ञान,
सौ तक गिनती सीख जाते।
आसानी से खेलते बच्चे,
इण्डोर गेम है कहलाते।।



अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत

# बाल साहित्य सृजन

1

## गोल्फ



गेंद और क्लब का यह खेल,
गोल्फ बड़ा सुन्दर है खेल।।
गेंद होल तक ले जायी जाती,
तब बाजी हैं जीती जाती।।

अठारह अंकों का है खेल,
गोल्फ क्लब वाला है खेल।
ओलम्पिक तक खेला जाता,
महँगा होता है यह खेल।।

रचना- सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा.वि. टिकरी-मनौटी
खजुहा,फतेहपुर



2

## कैरम



बच्चे,बूढ़े और जवान,
कैरम तो है खेल की जान।
बंद कमरे तोड़ा स्नेक्स,
हंसी ठिठोली करते फेस।।

रानी गोटी संग नौ–नौ सिक्के,
बहुत छकाते करें हक्के–बक्के।
कैरम बोर्ड पर दौड़े स्ट्राइकर,
मजे करें सब ताली बजा के।।

रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कंपोजिट उ० प्रा० वि० खजनी(रुद्रपुर),
गोरखपुर



3

## बॉलीबाल




छह-छह साथी एक दल बनाएँ,
जीत के लिए सब बल लगाएँ।
नेट के उस पार नजर गड़ी हों,
हर बॉल पर रणनीति बड़ी हो।

बॉलीबाल साहस की पहचान,
हर स्कूल कॉलेज की शान।
बॉलीबाल नही सिर्फ एक खेल,
यह संघर्ष, सहयोग का है मेल।।

रचना- रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



4

## बॉस्केटबॉल



यह खेल है बड़ा निराला,
नियम है इसके बड़े ही आला।
दो टीमें इसमें खेलतीं हैं,
प्रतिस्पर्धा इसमें करती हैं।।

ड्रिबलिंग, पासिंग, शूटिंग,
नियमों से खिलाड़ी खेलते है।
पाँच खिलाड़ी होते इसमें,
विजयी अधिक अंक वाले होते हैं।।

रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर





25/08/2025

# बाल साहित्य सृजन

सोमवार



## 1 कुश्ती

एक लड़ाकू खेल,
कुश्ती कहा जाता है।
दो पहलवान हैं लड़ते,
मिट्टी में खेला जाता है।।



यूनान है इसका जन्मदाता,
शारीरिक खेल कहा जाता।
दारा सिंह कुश्ती के खिलाड़ी,
पहलवान नाम से जाना जाता।।

रचना-
शालिनी (स०अ०)
प्रा० वि० कूँड़
करहल, मैनपुरी



## 2 शूटिंग

ओलम्पिक खेलों में शामिल,
शूटिंग है एक अद्भुत खेल।
राइफल, पिस्तौल और शॉटगन,
तीन प्रकार का होता खेल।।



धैर्य और एकाग्रता की,
इसमें होती है जीत।
अभिनव बिन्द्रा ने स्वर्णपदक से,
ओलम्पिक में दिखाई उम्मीद।।

रचना-
भावना शर्मा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० नारंगपुर
परीक्षितगढ़, मेरठ



## 3 भारोत्तोलन

भारत्तोलन अद्भुत खेल,
होता भुजदण्डो का मेल।
इसमें भार उठाना पड़ता है,
दम-खम लगाना पड़ता है।।



मल्लेश्वरी और मीरा बाई ने,
ओलम्पिक में पदक दिलाया।
डंका अपनी शक्ति का,
पूरे विश्व में बजवाया।।

रचना-
बृजराज सारस्वत(इं०प्र०अ०)
क० वि० गोपालगढ़
मथुरा, मथुरा



## 4 टेनिस

दो या चार लोगों के बीच,
खेल टेनिस खेला जाता।
अधिकांशत: पुरुषों में पाँच सेट,
महिलाओं में तीन खेला जाता।।



दोनों तरफ प्रतिद्वंदी,
बीच में लगा नेट होता।
रैकेट और छोटी बॉल संग,
है यह खेल खेला जाता।।

रचना-
सीमा शर्मा (स०अ०)
प्रा० वि०- निवाड़ा
बागपत, बागपत



मिशन शिक्षण संवाद
- आओ हाथ से हाथ मिलाएँ - - बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ -
26/08/2025 मंगलवार




# बाल साहित्य सृजन

1

## गेंद-बल्ला

गेंद-बल्ला लेकर आएँ,
फिर सब खेलने जाएँ।
जल्दी से दो, टीम बनाएँ,
अपनी टीम को हम जिताएँ।।



गेंद-बल्ला सबको भाया,
भैया मेरा गेंद-बल्ला लाया।
संग में मिलकर खेलेंगे सब,
दोस्ती बढ़ेगी सबमें तब।।



रचना-
शहनाज़ बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि०- भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट

2

## क्रिकेट

11-11 खिलाड़ियों की,
दो-टीम क्रिकेट खेलती हैं।
एक टीम बल्लेबाजी करती,
दूसरी पिच पर गेंद रोकती है।।



बच्चों और युवाओं को,
यह खेल पसंद है आता।
दूसरी टीम से अधिक रन,
बनाकर के खेल जीता जाता।।

रचना-
नैमिष शर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० (1-8)- तेहरा
मथुरा, मथुरा



3

## तैराकी

तरण या तैराकी,
एक जल-क्रीडा होती।
हाथ-पैर की सहायता से,
जल में गति की जाती।।



कृत्रिम साधन के बिना भी,
तैराकी की जा सकती है।
मनोरंजक और स्वास्थ्य के लिए,
यह  लाभकारी होती है।।



रचना-
उमा ठाकुर (इं०प्र०अ०)
प्राथमिक विद्यालय राजपुर
मथुरा, मथुरा

4

## घुड़सवारी

खेल घुड़सवारी का,
बहुत है पुराना।
घोड़ों से प्रेम का,
सम्बन्ध था दर्शाना।।



बिना गिरे सवारी इनकी,
कला का रूप देता है।
घुड़सवार के कहने से,
घोड़ा चालें चलता है।।

रचना-
ज्योति विश्वकर्मा (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० जारी भाग 1
बड़ोखर खुर्द, बाँदा





28/08/2025

# बाल साहित्य सृजन

गुरुवार



**1**

## हॉकी



हॉकी है एक प्राचीन खेल,
पूरे भारत में खेला जाता।
लोकप्रिय खेल है यह एक,
राष्ट्रीय खेल है कहलाता।।

एक स्टिक और एक गेंद वाला
दो टीमों के का ये खेल निराला।
अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भारत ने,
गोल्ड मेडल नाम कर डाला।।

ज्योति सागर' सना
पी० एम० श्री उ० प्रा० वि० (1-8)
सिसाना, बागपत



**2**

## बैडमिंटन

शटलकॉक और रैकेट का खेल,
बैडमिंटन के नाम से जाना जाता है।
17वीं शताब्दी में यूरोप के रईस लोगों द्वारा,
यह खेल जाना जाता है॥



यह खेल एकल या युगल,
दो रूपों में खेला जाता है।
साइना नेहवाल पीवी सिंधु आदि को,
विश्व में इसके द्वारा ही पहचाना जाता है॥

शिप्रा सिंह (स.अ.)
उ० प्रा० वि० रूसिया,
अमौली, फतेहपुर



**3**

## बास्केटबॉल



बास्केटबॉल है एक टीम खेल,
पाँच-पाँच खिलाड़ियों का इसमें मेल।
दस फुट ऊपर ऊँचे घेरे में गेंद डालकर,
अंक पाने का है ये लोकप्रिय खेल।।

बास्केटबॉल कोर्ट पर खेला जाता,
इतिहास से है इसका गहरा नाता।
शूटिंग, ड्रिबलिंग और फाउल से,
अंको को इसमें पाया जाता।।

पारुल चौधरी (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय बसी-3
खेकड़ा, बागपत



**4**

## शूटिंग

रख निशान लक्ष्य पर,
करते है सटिक वार।
राइफल, पिस्टल, शॉटगन,
होते हैं इसके हथियार।।



चुनौती हो चाहे जितनी बड़ी,
धैर्य, एकाग्रता होती जब साथ।
जीत लेंगे हम हर दांव,
मन में रख अटल विश्वास।।

वन्दना यादव 'ग़ज़ल'
अभि० प्रा० वि०चन्दवक
डोभी, जौनपुर






29/08/2025 शुक्रवार

# बाल साहित्य सृजन

## 1 तैराकी

यह इनडोर,पूल या आउटडोर,
समुद्र या झील में खेला जाता है।
इसमें तैरने के लिए पूरे शरीर का,
का उपयोग किया जाता है।।



प्रतियोगी किसी एक स्ट्रोक का,
उपयोग करके खेलता है।
फ्रीस्टाइल,बैकस्ट्रोक,ब्रेस्टस्ट्रोक,
और बटरफ्लाई से खेलता है।।

पूनम नैन ( स० अ०)
उ० प्रा० कम्पोजिट विद्यालय मुकुंदपुर
छपरौली,बागपत



## 2 कैरम

दो-चार खिलाड़ियों के साथ,
कैरम इण्डोर गेम खेला जाता।
चिकनी लकड़ी के बोर्ड पर,
यह खेल खूब खेला जाता।।



नौ काली नौ सफेद डिस्क से,
बच्चे बुजुर्ग सब खेलते हैं।
स्ट्राईकर की सहायता से,
डिस्क पॉकेट में डालते हैं।।

अनुप्रिया यादव ( स०अ०)
क० वि० काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर



## 3 साँप सीढ़ी

साँप सीढ़ी का खेल,
बोर्ड पर खेला जाता है।
छोटे बच्चों को यह खेल,
बहुत पसंद आता है।।



एक से लेकर 100 तक,
संख्या लिखी होती है।
साथ ही साथ बोर्ड पर,
साँप सीढ़ी भी बनी होती है।।

मृदुला वर्मा ( स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
अमरौधा, कानपुर देहात



## 4 शतरंज

काले-सफेद है युद्धक्षेत्र,
आमने-सामने सजी है सेना।
राजा-रानी, हाथी, घोड़ा,
सैनिकों से सजी है सेना।।



राजा के बन रक्षक,
घोड़ा चलता ढाई चाल।
हाथी चलता सीधा-सीधा,
सैनिक दिखाते कमाल।।

अमित गोयल (स०अ०)
प्रा० वि० निवाडा, बागपत,
जनपद बागपत







# बाल साहित्य सृजन

1

## कुश्ती



उठा पटकी, पकड़म पकड़ी,
तकनीक का खेल है कुश्ती।
दांव पेंच से लड़ी जो कुश्ती,
मनोरंजक बन जाती कुश्ती।।

फ्रांस से शुरू हुई थी कुश्ती,
ओलम्पिक तक पहुँची कुश्ती।
फोगाट बहनों ने जीती कुश्ती,
दारा सिंह से पहचान कुश्ती।।

रचना- सुमन पाण्डेय प्र.अ
प्रा. वि. टिकरी-मनौटी
खजुहा,फतेहपुर



2

## छुपन-छुपाई



छुप्पम छुपाई खेल है न्यारा,
बाल हृदय को लगता प्यारा।
छुप जाते हैं बच्चे सारे,
ढूँढने वाला ढूँढ के हारा।।

बालक एक जो ढूँढने वाला,
सर पर कोई टिप जो मारा।
पुनः वहीं ढूँढे बच्चों को,
आई स्पाई कहके पुकारा।।

सुषमा त्रिपाठी (स०अ०)
कंपोजिट उ० प्रा० वि० खजनी
(रुद्रपुर) गोरखपुर



3

## गिल्ली डंडा

गिल्ली डंडा है खेल पुराना,
बचपन की यादों का है खजाना।
आज भी जब याद वो पल आये,
मन मे बचपन का रंग छाए।।



न कोई नियम है कठिन,
न कोई है बन्धन।
खेल में है बहुत मजा,
और दिल में होता है हर्षन।।

रचना- रूपी त्रिपाठी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० लोहारी (1-8)
सरवनखेड़ा, कानपुर देहात



4

## कंचा



कंचा है बच्चों का प्यारा खेल,
काँच की गोली से खेलते खेल।
जमीन एक गोल घेरा बनाते,
फिर उसमें कई कंचा डालते।।

उँगली से खिलाड़ी कंचा उछालते,
गोल घेरे से कंचा निकालते।
यह क्रम तब तक चलता,
जब तक खिलाड़ी चूक नहीं जाता।।

रचना- प्रतिमा उमराव( स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अमौली
अमौली, फतेहपुर



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल साहित्य सृजन

## रचनाकारों की सूची

| | |
|---|---|
| 1- बृजराज सारस्वत, मथुरा | 13- पारुल चौधरी, बागपत |
| 2- भावना शर्मा, मेरठ | 14- वन्दना यादव, जौनपुर |
| 3- जुगल किशोर, झाँसी | 15- शिप्रा सिंह, फतेहपुर |
| 4- सीमा शर्मा, बागपत | 16- ज्योति सागर, बागपत |
| 5- नैमिष शर्मा, मथुरा | 17- पूनम नैन, बागपत |
| 6- उमा ठाकुर, मथुरा | 18- अमित गोयल, बागपत |
| 7- शहनाज़ बानो, चित्रकूट | 19- अनुप्रिया यादव, फतेहपुर |
| 8- ज्योति विश्वकर्मा, बाँदा | 20- मृदुला वर्मा, कानपुर देहात |
| 9- आरती यादव, कानपुर देहात | 21- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर |
| 10- इला सिंह, फतेहपुर | 22- सुमन पाण्डेय, फतेहपुर |
| 11- नीलम भास्कर, बागपत | 23- सुषमा त्रिपाठी, गोरखपुर |
| 12- माला सिंह, मेरठ | 24- रूपी त्रिपाठी, कानपुर देहात |

**तकनीकी सहयोग**

1- नैमिष शर्मा, मथुरा

2- जितेन्द्र कुमार, बागपत

**मार्गदर्शन- राजकुमार शर्मा, चित्रकूट**

**संकलन :- काव्यांजलि दैनिक सृजन टीम**